संक्षिप्त

यादव चुनाव प्रभारी नियुक्त

अलवर । अलवर सांसद और केंद्रीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जगत प्रसाद नड्डा के द्वारा पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव की जिम्मेदारी देते हुए प्रदेश का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं सांसद श्री विप्लब कुमार देव को सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय मंत्री श्री यादव को पूर्व 2013 में राजस्थान, 2020 में बिहार, 2021 में बंगाल, 2022 में मणिपुर, 2023 में मध्य प्रदेश और 2024 में महाराष्ट्र तथा उड़ीसा सहित अनेक राज्यों का चुनाव प्रभारी नियुक्त किया गया था, जिसकी बेखुबी से जिम्मेदारी निभाते हुए श्री भूपेंद्र यादव ने इन सभी प्रदेशों में भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराते हुए जीत दिलाई थी। इसी के साथ पार्टी ने बिहार के लिए धर्मेंद्र प्रधान को प्रभारी और केशव प्रसाद मौर्य और सी.आर. पाटिल जी को सह-प्रभारी का दायित्व दिया है। यह जानकारी जिला भाजपा मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

स्वच्छ वातावरण बनाए रखने का संकल्प

चाकसू । कस्बे के वार्ड 19 में स्थित राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा मनाया गया। स्कूल की छात्राओं ने मिलकर स्वच्छता का संदेश देते हुए रंगोली बनाई इसके साथ ही चित्रकला प्रतियोगिता रखी गयी इसमे सभी विधार्थीयों ने बहुत ही सक्रिय रूप से हिस्सा लिया सभी ने स्वछता से संबन्धित चित्र बनाए सभी चित्रो मेन अलग - अलग संदेश दिखाये गए। इसके पश्चात संस्था के प्रतिनिधि ने घर के स्टार पर कचरे को कम कैसे कर सकते है इसकी जानकारी दी गयी ताकि बच्चे घर जाकर अपने परिवार और समुदाय में जाकर दूसरों को भी साझा कर सके। स्कूल की प्रधानाचार्य छाया अग्रवाल ने कहा आज की गतिविधि से बच्चो पर बहुत ही सक्रिय असर पड़ेगा हम चाहते है इस तरह की गतिविधि होती रहे विद्यालय का पूरा स्टाफ पूर्ण सहयोग करेगा। नगर पालिका चाकसू की तरफ से कपडे के थेले बच्चो को बाटे गए इसका मुख्य उद्देश्य कपड़े का थेला अपनाओ प्लास्टिक मुक्त थेली से मुक्ति पाओ के नारे विधार्थीयों, सेंटर फॉर एडवोकेसी एंड रिसर्च संस्था एव नगर पालिका कर्मचारियों के द्वारा लगाए गए।अंत मे सभी ने प्लास्टिक मुक्त राष्ट्र,स्वच्छ वातावरण बनाए रखने के लिए सभी शपथ ली।

खादी उत्पाद प्रदर्शनी शुरु

भरतपुर (निस)। राज्य सरकार के निर्देशानुसार सेवा पखवाडा के अन्तर्गत लोकल फॉर वोकल हेतु जिला उद्योग एवं वाणिज्य केन्द्र द्वारा आयोजित स्थानीय हस्तशिल्प/एक जिला-एक उत्पाद, खादी उत्पाद प्रदर्शनी का शुभारम्भ गुरूवार को कम्पनी बाग स्थित ग्रामीण हाट में अतिरिक्त कलक्टर शहर राहुल सैनी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अतिरिक्त कलक्टर ने कहा कि मेले देश की सांस्कृतिक विरासत हैं इससे मेल-मिलाप और भाईचारा बढता है तथा इस प्रकार के हस्तशिल्प मेले में हस्तशिल्पियों द्वारा निर्मित उत्पादों के विक्रय हेतु एक बाजार मिलता है जिससे हस्तशिल्पी एवं लघु उद्यिमयों को अपने उत्पाद को विक्रय करने में सहयोग मिलता है। उन्होंने कहा कि मेले जहां संस्कृति के संवाहक है वहीं ऐसे मेले विकास में भी सहयोगी है तथा छोटे-छोटे हस्तशिल्पियों एवं दस्तकारों को उनके द्वारा निर्मित उत्पाद की बिक्री का एक अच्छा प्लेटफार्म है। प्रारंभ में बृज उद्योग संघ के अध्यक्ष विनीत सिंह ने अतिरिक्त कलक्टर को शॉल ओढाकर एवं पीएनबी आरसेटी के निदेशक मलूक सिंह ने फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

मंत्री किरोड़ी मीणा ने डॉक्टर बन लोगों के स्वास्थ्य की जांच की

- अलवर के उमरैण में मंत्री खाद बीज भंडार पर रूककर निरीक्षण किया

अलवर। जिले के प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने सेवा पर्व पखवाडे के अंतर्गत उपखण्ड क्षेत्र अलवर की ग्राम पंचायत भूगोर एवं रामगढ की ग्राम पंचायत बाम्बोली में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया।

जिला प्रभारी मंत्री डॉ. मीणा ने शिविरों में लगाई गई स्टॉलों का अवलोकन कर आमजन के किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि राज्य सरकार की मंशानुरूप शिविरों में आमजन के अधिक से अधिक मूलभूत कार्यों को संजीदगी के साथ सुनकर उनको मौके पर ही पूर्ण कर लाभांवित करावे।

उन्होंने निर्देश दिये कि शिविरों का स्थानीय स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करावे, जिससे कोई भी पात्र व्यक्ति इन शिविरों के लाभ से वंचित ना रहे। प्रभारी मंत्री डॉ किरोड़ी लाल मीणा ने शिविर में उपस्थित लोगों की स्वयं चिकित्सक के रूप में जांच की। उन्होंने आमजन से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा शुरू किए गए फिट इंडिया अभियान के तहत स्वस्थ जीवनशैली हेतु योग को दिनचर्या का हिस्सा बनाने तथा अपने दैनिक भोजन में 10 प्रतिशत ऑयल का कम प्रयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि महिलाएं परिवार की धुरी होती हैं, अत: महिलाएं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर प्रारंभ किए गए स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान के तहत अपनी जांच करावे।

सेवा शिविर में लोगों के स्वास्थ्य की जांच करते मंत्री किरोड़ी लाल मीणा।

उन्होंने शिविर में आए लोगों से संवाद कर उनके कामों के निस्तारण एवं वहां उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं सुविधाओं का फीडबैक लिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा अन्त्योदय के कल्याण की भावना के साथ अंतिम पंक्ति तक के व्यक्ति को राहत प्रदान करने एवं उनके मूलभूत कामों को एक ही छत के नीचे सम्पन्न कराए जाने के उद्देश्य से सेवा शिविर लगाए जा रहे हैं। अत: सभी लोग अपने कार्यों को शिविरों में पूर्ण कराने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इन शिविरों का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित करें।

प्रभारी मंत्री ने उमरैण में योगेश खाद बीज भंडार का औचक निरीक्षण कर खाद एवं बीज की विक्रय दर, गुणवत्ता आदि की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि कृषकों को गुणवत्तायुक्त खाद बीज उपलब्ध कराने के साथ-साथ राज्य सरकार द्वारा निर्धारित दरों पर खाद, बीज विक्रय किए जावे। उन्होंने कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक को निर्देश दिये कि खाद, बीज की जिले में पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ-साथ नकली बीजों व खाद विक्रेताओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करें। साथ ही खाद, बीज की कालाबजारी पर लगाम लगाने हेतु फील्ड में रहकर प्रभारी मॉनिटरिंग करें।

इसके साथ जिला प्रभारी मंत्री एवं कृषि एवं उद्यानिकी विभाग मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा तथा वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री संजय शर्मा की गरिमामय उपस्थिति में मुख्यमंत्री रोजगार उत्सव के जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को प्रताप ऑडिटोरियम में हुआ।

पंडित उपाध्याय की जयंती मनाई

चाकसू। एकात्म मानववाद के महान विचारक तथा जनसंघ के संस्थापक सदस्य पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जन्म जयंती पर भाजपा नेताओं ने उन्हें याद करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण किया तथा उनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने की शपथ ली। गुरूवार को कस्बे में आयोजित इस कार्यक्रम में

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष कृष्णा सैनी ने कहा कि श्री उपाध्याय हमारे प्रेरणा श्रोत हैं। उनके बनाए जनसंघ का ही रूप है आज की भारतीय जनता पार्टी। पंडित जी के विचार आज भी प्रासंगिक हैं। उनके बलिदान को हमें व्यर्थ नहीं जाने देना है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं को उनके जीवन से सीख लेने की सलाह दी। कहा कि अगर वह नहीं होते तो आज इस पार्टी का अस्तित्व भी नहीं होता। ऐसे महान राष्ट्र प्रेमी को याद करने का सौभाग्य उन्हें गौरवान्वित करता है। नगर अध्यक्ष कृष्ण सैनी के अलावा जिला प्रवक्ता रामधन सैनी ने भी सभा को संबोधित किया। तथा दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। इस दौरान मंडल बूथों पर वृक्षारोपण सार्वजनिक स्थलों की साफ सफाई फल वितरण सहित विभिन्न सेवा कार्य किये गये।

जमीन पर कब्जा, सैकड़ों ग्रामीणों का प्रदर्शन

- प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और वन मंत्री संजय शर्मा को शिकायत की गई थी उसके बाद प्रशासन ने अवैध निर्माण भी हटवाया, लेकिन अब पुलिस-प्रशासन से मिलीभगत कर वापस कब्जा कर लिया गया है

अलवर । अलवर जिला इन दिनों भू माफियाओं के चंगुल में जकडा पड़ा है राजनीति और प्रशासनिक संरक्षण के चलते यूपी के एक भूमाफिया गिरोह ने जिन्दोली के किसानों की करीब सौ बीघा भूमि पर अतिक्रमण कर लिया विरोध करने पर भूमाफिया और उसके साथी हथियार दिखा कर ग्रामीणों को डराते है तो वही प्रशासन भी उनकी शिकायतों पर ध्यान नही देते ग्रामीणों का आरोप है कि पुलिस भी उनकी शिकायत पर कोई संज्ञान नही ले रही आखिर माजरा क्या है इसी से परेशान होकर आज सैकड़ों ग्रामीणों ने मिनी सचिवालय पर प्रदर्शन किया।

इसकी पहले प्रभारी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा और वन मंत्री संजय शर्मा को शिकायत की गई थी। उसके बाद प्रशासन ने अवैध निर्माण भी हटवाया, लेकिन अब पुलिस-प्रशासन से मिलीभगत कर वापस कब्जा कर लिया गया है।

ग्रामीणों ने आरोप लगाते हुए कहा कि भूमाफिया गांव के लोगों को हथियारों से डराता है और कई बार हाथापाई तक की है। पटवारी व पुलिस उसके साथ खड़े नजर आते हैं। अब यह बर्दाश्त से बाहर है। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन ने उनकी मदद नहीं की तो वे खुद अवैध बाउंड्री को तोड़ देंगे। उनकी करीब 50 से 100 बीघा जमीन पर अतिक्रमण कर लिया गया है और करीब 100 साल पुराने जोहड़ को समतल कर कब्जा कर लिया गया है। जोहड़ तक को भी नहीं छोड़ा गया। किसानों का कहना है कि यदि उनकी कोई पैरवी नहीं हुई तो इसके जिम्मेदार कलेक्टर होंगे। किसान ने कहा कि उसकी खुद की 14 बीघा जमीन है और पिछले 6 महीने से यही षड़यंत्र चल रहा है। किसान किशनलाल ने कहा कि उन्हें हथियार दिखा कर डराया जाता है और कई बार मारपीट की जाती है। उनकी जमीन पर रात को बाउंड्री कर दी गई। उनकी शिकायत पर पुलिस भी नहीं आती है। इसी मामले में पूर्व में पुलिस प्रशासन ने मौके पर जाकर दीवार को तोड़ दिया था, गेट को हटाया था और टीनशेड को जब्त किया था। उसके बाद वापस चारदीवारी कर दी गई। ग्रामीणों का आरोप है कि रातों रात दीवार को वापस बना दिया गया और ग्रामीणों में खौफ पैदा करने के लिए बाउंसर रखे हुए हैं। उनका यह भी आरोप है कि पुलिस भी माफिया के लोगों की मदद करती है।

शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण

चाकसू । नगर पालिका प्रांगण में गुरुवार को विधायक श्र रामावतार बैरवा ने शहरी सेवा शिविर 2025 का निरीक्षण किया। इस दौरान मौके पर उपस्थित लाभार्थियों को जन्म प्रमाण पत्र, पशुधन बीमा पंजीयन पत्र आदि प्रदान किये और महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से शिशुओं को अन्न प्रासन करवाया और इस अवसर पर नगर पालिका के पार्क में वृक्षारोपण भी किया गया।

नगर पालिका अधिक शशि अधिकारी डॉक्टर बनवारी लाल मीणा ने बताया कि इसके साथ ही बांसवाडा में आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का लाईव प्रसारण बडी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से नगर पालिका प्रांगण में किया गया उक्त कार्यक्रम में सेंकडों की संख्या में आमजन एवं जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया। विधायक रामावतार बैरवा भी लाईव प्रसारण में उपस्थित रहे। इस प्रसारण कार्यक्रम में कैलाश शर्मा पूर्व कृषि मण्डी अध्यक्ष, राकेश सैनी आदि पार्षद एवं पार्षद प्रतिनिधि, रामधन मोडा पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष, सुमन कुमावत, गिर्राज डूंगरी, रामबाबू गोडीवाल आदि उपस्थित रहें।

भरतपुर कलेक्ट्रेट में तैनात क्लर्क को जहर देकर मारने का आरोप

- परिजन बोले दोस्त को लाखों रुपए उधार दे रखे थे, गांव बुलाकर हत्या की
- परिजनों ने गुरुवार को उसके दोस्त विश्वेंद्र और अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है

भरतपुर, (निस)। भरतपुर कलेक्ट्रेट में कार्यरत यूडीसी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। परिजनों ने यूडीसी के दोस्त पर जहर देकर मारने का आरोप लगाया है।

आरोप है कि युवक अपने एक दोस्त से रुपए मांगता था। दोस्त ने रुपए देने के बहाने उसे बुलाया और ड्रिंक में जहर मिलाकर पिला दिया। उसने तड़पते हुए पत्नी को भी फोन किया था और कहा था- ये लोग मुझे मार डालेंगे। परिजनों ने युवक को अस्पताल पहुंचाने वाले आरोपी दोस्त को पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। मामला हलैना थाना इलाके का बुधवार शाम 7 बजे का है। एसएचओ रामावतार मीणा ने बताया- महेश सिंह (33) पुत्र राजेंद्र सिंह निवासी पुष्प वाटिका कॉलोनी की संदिग्धावस्था में मौत हुई है। परिजनों ने गुरुवार को उसके दोस्त विश्वेंद्र और अन्य के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करवाया है। इसमें जहर देकर मारने का आरोप लगाया है। मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। मेडिकल बोर्ड से पोस्टमॉर्टम करवाया गया है। महेश के जीजा मनदीप सिंह ने बताया कि महेश कलेक्ट्रेट में यूडीसी के पद पर तैनात था। हलैना थाना इलाके के मुड़िया साद गांव के रहने वाले विश्वेंद्र सिंह से उसकी दोस्ती थी। दोनों की दोस्ती हुए 4 महीने ही हुए थे। दोनों की मुलाकात सोशल मीडिया की जरिए हुई थी। दोनों में दोस्ती इतनी बढ़ गई कि महेश ने विश्वेंद्र को लाखों रुपए उधार दे दिए। कितने दिए थे, इस बारे में महेश को ही मालूम है।

जीजा ने आरोप लगाते हुए कहा- बुधवार शाम विश्वेंद्र का महेश के पास फोन आया था। विश्वेंद्र ने महेश से कहा कि वह उधार दिए रुपए लेने के लिए मुड़िया साद गांव आ जाए। महेश अपनी गाड़ी लेकर मुड़िया साद गांव की तरफ चला गया।जीजा का दावा है कि वहां पर महेश को विश्वेंद्र और अरविंद मिले थे। वे उसके साथ गाड़ी में बैठकर अमोली टोल प्लाजा की तरफ चले गए। वहां पर दोनों ने महेश को ड्रिंक में मिलाकर जहरीला पदार्थ दे दिया। काफी देर तक महेश अमोली टोल प्लाजा के पास ही तड़पता रहा। जीजा मनदीप ने बताया- महेश ने फोन पर जो बात प्रिया को बताई, इसके बारे में प्रिया ने अपने ससुर (महेश के पिता) राजेंद्र सिंह को बताया। तब राजेंद्र सिंह ने महेश को फोन किया तो पता चला कि महेश को लेकर विश्वेंद्र आरबीएम अस्पताल पहुंच रहा है। इसके बाद परिजन ठड अस्पताल पहुंचे। अस्पताल पहुंचने से पहले ही महेश की मौत हो चुकी थी। इस दौरान महेश को अस्पताल लाने वाले विश्वेंद्र को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया।

मिड डे मील का आकस्मिक निरीक्षण

भरतपुर (निस)। जिला कलक्टर कमर चौधरी ने गुरूवार को सिविल लाईन राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मिड-डे-मील एवं शैक्षिणक गुणवत्ता का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला कलक्टर ने पोषाहार में बने दलिया को चखकर गुणवत्ता को परखा तथा रसोई का निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था एवं स्टॉक का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि मिड डे मील बनाते समय पोषणयुक्त सामग्री के साथ साफ सफाई का विशेष ध्यान रखें।

निरीक्षण में दलिया गुणवत्तापूर्ण पाया गया, विद्यार्थियों द्वारा भी नियमित मिड डे मील की सराहना की। उन्होंने कक्षा कक्षों में जाकर विद्यार्थियों के शैक्षिणक गुणवत्ता को परखा तथा बच्चों से घुलमिलकर शिक्षक की भांति नियमित रूप से पढाऐ जाने वाले विषयों के प्रश्न पूछे तथा होमवर्क का भी निरीक्षण किया।

पावटा में खरदूषण वध व सीता हरण की लीला का मंचन

- सोने जैसे मृग को पकडने गए श्रीराम, रावण ने किया सीता का हरण

पावटा। श्री आदर्श रामलीला मंडल पावटा की ओर से कस्बे में चल रही रामलीला में शूर्पणखा नकटी, खरदूषण त्रिसरा वध व सीता हरण की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। इस दौरान

खरदूषण वध, सीताहरण लीला का मंचन हुआ। लीला में प्रभु श्रीराम जानकी जी का पुष्प शृंगार करते हैं। तभी इंद्र के पुत्र जयंत की पत्नी उनके सम्मुख नृत्य गायन करते हैं। पत्नी द्वारा जयंत, प्रभु की नर-लीला की बात सुनकर कौए का रूप धारण कर सीताजी के चरणों में चोंच मारता है, प्रभु राम उसे बाण मार देते हैं। नारद जी उसे प्रभु राम के पास शरणागत होने को कहते हैं। राम उसे क्षमा कर देते हैं। इसके बाद लीला में चित्रकूट से प्रभु पंचवटी के लिए प्रस्थान करते हैं। यहां लंकापति रावण की बहन सूर्पनखा राम के सौंदर्य से प्रभावित होकर विवाह का प्रस्ताव रखती है। लक्ष्मण उसके नाक-कान काट देते हैं, वह रोती हुई खरदूषण, त्रिसरा के पास अपनी व्यथा बताती हैं। श्रीराम खरदूषण त्रिसरा का वध कर देते हैं। वही दिखाया गया एक सुंदर सोने जैसा मृग माता सीता को दिखाई पड़ता है। उसे देखकर सीताजी भगवान राम से कहती हैं कि हे स्वामी इसे पकड़कर ले आइए। भगवान राम उस मृग को पकड़ने वन में चल देते हैं। मृग आगे आगे भागता है और तीर कमान लेकर भगवान राम उसके पीछे चलते हैं। मौका पाकर भगवान राम बाण चला देते हैं। इससे उसके मुंह से राम-राम की आवाज निकलती है जो कि माता सीता के कानों तक पहुंचती है। इधर, सीता जी लक्ष्मण से कहती है कि है लक्ष्मण मेरे स्वामी किसी संकट में हैं। आप जाकर पता लगाओ, लक्ष्मण जी कहते हैं कि ऐसा नहीं हो सकता तब, सीता जी के कटु वचन बोलने पर लक्ष्मण जी एक रेखा खींचकर कहते हैं कि आप इससे बाहर मत निकलना मैं जाता हूं।

रामलीला में शूर्पणखा नकटी, खरदूषण त्रिसरा वध व सीता हरण की लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया।

श्री विद्याआश्रम एजुकेशन एण्ड डवलपमेन्ट सोसाइटी
चिमनपुरा, शाहपुरा जयपुर (राज.) 303103
Ref- SVAEDS-10 **आम सूचना** Date 23-09-2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि के. आर. गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन चिमनपुरा तहसील शाहपुरा जिला- जयपुर, राज. कॉलेज कोड-1248 को सत्र -2024-25 से बन्द कर दिया गया है। अत: उपरोक्त कॉलेज में नये प्रवेश नही होंगे। इसकी सूचना कॉलेज आयुक्तालय को दे दी गई है। सचिव-
श्री विद्याआश्रम एजुकेशन एण्ड डवलपमेन्ट सोसाइटी शाहपुरा।

कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) आमेर, जिला जयपुर
क्र. भू.अ./2025/5578 **आम सूचना** दिनांक 18.09.2025
महेश आनंद थापर पुत्र जगदीश लाल थापर निवासी सम्पदा एमो फार्मस खसरा नं. 402 सोढ़ो की ढाणी, काली बेरी जोधपुर के पक्ष में उनकी माता स्व. मोहिनी थापर पत्नी जगदीश लाल थापर द्वारा एक वसीयत ग्राम काली घाटी तहसील- आमेर, जयपुर की जमाबंदी खसरा नं. 285, 287, 288, 288/608, 289, 290, 292, 293 कुल किताब 08 रकबा 2.24 हेक्टेयर की खातेदारी हिस्से के संदर्भ में है। उपरोक्त भूमि के संदर्भ में नामान्तरण हेतु प्रार्थी महेश आनंद थापर पुत्र जगदीश लाल थापर द्वारा प्रकरण वसीयतनामा की धारा 135 (2) एलआर एक्ट 1958 के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है यदि किसी को आपत्ति हो तो दिनांक 29.09.2025 तक न्यायालय हाजा में प्रस्तुत हो।
तहसीलदार (भू.अ.) तहसीलदार आमेर

नाम परिवर्तन
मेरे सभी दस्तावेजो में मेरा व मेरे पति का नाम गुड्डी देवी पत्नी गिरिराज जाट है। मेरे स्वयं के नाम से Bajaj Allianz पॉलिसी नं. 0142499658 में मेरा व मेरे पति का नाम गलती से गुड्डी देवी जाट पत्नी गिरिराज प्रसाद जाट तथा जन्मतिथि 1987 दर्ज हो गई है। गुड्डी देवी व गुड्डी देवी जाट पत्नी गिरिराज जाट व गिरिराज प्रसाद जाट, जन्मतिथि 21/04/1985 उक्त दोनो नाम मेरे ही है। जो कि सही है। अत: भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावें।
गुड्डी देवी पत्नी श्री गिरिराज जाट
ग्राम-दामोदरपुरा, पो. खणदेवत तह.निवाई (टोंक-राज.)

सूचना जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
क्रमांक: जविप्रा/उपा/पी.आर.एन.(दक्षिण-द्वितीय)/2025/डी-1027 दि: 03.9.2025
पृथ्वीराज नगर में निम्न योजनाओं के निम्न भूखण्डधारियों / भूखण्डधारी ने नियमन / भू-आवंटन हेतु पी. आर. एन. (दक्षिण - द्वितीय), जविप्रा, जयपुर में आवेदन प्रस्तुत किया है। जो नाम लीजडीड / हस्तानान्तरण / प्रतिस्थापन हेतु कार्यालय को प्राप्त हुये है:-

क्र.	आवेदक का नाम	मूल आवंटी लीजधारक का नाम	भूखण्ड संख्या	भूखण्ड का क्षेत्रफल	पृ.नि.स.म./ निजी खातेदारी/ जविप्रा योजना	योजना का नाम	मेरा किसके लिए आवेदन किया गया	कार्यवाही हेतु प्रस्तुत दस्तावेज
1.	श्रीमती लक्ष्मी गुप्ता पत्नी श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता एवं श्री ओशिष गुप्ता पुत्र श्री कैलाश चन्द्र गुप्ता	श्रीमती चित्रा श्रीवास्तव पत्नी श्री इन्द्र बाहदर श्रीवास्तव पत्नी श्री पीरज कुमार	1-7	552.95 वर्गगज	निज गृह निर्माण सहकारी समिति लि०	सुमेर नगर विस्तार आई स्कीम	नाम (हस्तानान्तरण)	जारी लीजडीड एवं रजि० विक्रय पत्र

अत: इस सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति / संस्था/कम्पनी/सह खातेदार व अन्य किसी को कोई आपत्ति हो, तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत करे, मयाद पश्चात कोई आपत्ति स्वीकार नही होगी।
उपायुक्त जोन- पी. आर. एन (दक्षिण-द्वितीय) जविप्रा, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I TRUST/2025/104
चूंकि प्रार्थी श्री ROHIT ASH KUMAR MEENA, WARD NO. 01, MEENO KA MOHALLA, SHYAM SAGAR kl DHANI, MOURANGPURA ROAD, KUKDELA, TEHSIL VIRAT NAGAR, JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास लोक सहभागी संस्थान Vill, Kukdela, Post Bhamod, Via Maid, District Jaipur के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 24.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 03.12.2025
सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग, जयपुर-प्रथम

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर
समस्त संबंधित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर DEV/JAIPUR-I TRUST/2025/679
चूंकि श्री DR. SOMYA GURJAR 289 TARU CHHAYA NAGAR TARO KI KOOT TONK ROAD JAIPUR ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत प्रन्यास SEWAYAM 289 CHHAYA NAGAR TARO KI KOOT TONK ROAD JAIPUR के सम्बन्ध में अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है। अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें। और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा। आज दिनांक 24.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 26.11.2025
सहायक आयुक्त, देवस्थान विभाग, जयपुर-द्वितीय

अधिसूचना मेरे मुवक्किल मौहम्मद इम्तियाज अहमद पुत्र ईदा सौदागर आयु 60 वर्ष निवासी ई-667, अफ्ताब भाई की गली के पास, मनोरा मस्जिद नाहरीका नाका, शास्त्रीनगर जयपुर राज. की ओर से सर्व सधारण को सूचित करता हूँ कि जो कोई मेरे मुवक्किल के बेटे मौहम्मद मुश्ताक व उसकी पत्नि नूर अफरोज से लेन देन या कोई व्यवहार रखेगा वो स्वयं उसके लिये जिम्मेदार होगा। मेरे मुवक्किल का अपने बेटे मौहम्मद मुश्ताक व उसकी पत्नि नूर अफरोज से कोई वास्ता नहीं है क्योकि बेटे व बहू की नाफरमानीयों से तंग आकर उसे अपने घर से निकाल कर अपनी सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है।मेरे मुवक्किलत के बाद मौहम्मद मुश्ताक व उसकी पत्नि नूर अफरोज का मौहम्मद इम्तियाज अहमद की चल व अचल सम्पत्ति में कोई हक व हिस्सा नहीं रहेगा।
दिनांक-25.09.2025 (मोहम्मद रियाज खान) एडवोकेट मो. 9414456786

खोया-पाया
मेरे भूखण्ड सं. 54-ए, पथिक भवन निर्माण सहकारी समिति लि. की योजना स्कीम नं. 13 बी कुंदन नगर जयपुर का समिति से जारी मूल साईट प्लान और सोसाइटी रसीद कहीं गुम हो गईर्द है सूचित करें-ननाग राम सैनी मो. 8387016745

कमरा नं. टी-3, थर्ड फ्लोर मकान नं. 1887 ऊंचा कुवा हल्दियों का रास्ता चौकडी घाट दरवाजा जयपुर के समस्त असल कागजात कहीं गिर गया है मिलने पर सूचित करें। मोहम्मद हुसैन-9830093964

कार्यालय उपायुक्त, (मुरलीपुरा जोन), नगर निगम ग्रेटर, जयपुर
(मुरलीपुरा सब्जी मण्डी के पीछे, सामुदायिक केन्द्र मुरलीपुरा स्कीम, जयपुर)
क्रमांक: मु.जो./नगिब/2025/1243 मु.जो./नगिब / दिनांक: 24.09.2025
सार्वजनिक सूचना
भूखण्ड सं. 01, डिफेन्स कॉलोनी (मोती भवन गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड) जयपुर का जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा श्री सुमेर सिंह यादव पुत्र श्री कन्हीराम यादव के नाम क्षेत्रफल 344.79 वर्गगज भूमि का पट्टा विलेख जारी किया गया था। प्रकरण में आवेदक श्रीमती तारावती यादव पत्नी स्व श्री सुमेर सिंह यादव, श्रीमती अनीता राव, सुनीता यादव बबिता यादव, नीतू बालिया, कविता यादव, मोनिका यादव एवं गीतांजली राव पुत्रियाँ स्व श्री सुमेर सिंह यादव द्वारा द्वारा शपथ पत्र (अण्डरटेकिंग), पंजीकृत पट्टा मय साइट प्लान की फोटो प्रति, वारिसान प्रमाण पत्र एवं अन्य चैन दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का स्वयं के नाम से नाम हस्तांतरण चाहा गया है। आवेदक द्वारा उपलब्ध करायें गये दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखण्ड का श्रीमती तारावती यादव पत्नी स्व श्री सुमेर सिंह यादव, श्रीमती अनीता राव, सुनीता यादव बबिता यादव, नीतू बालिया, कविता यादव, मोनिका यादव एवं गीतांजली राव पुत्रियाँ स्व श्री सुमेर सिंह यादव के पक्ष में कुल क्षेत्रफल 344.79 वर्गगज का नाम हस्तांतरण जारी किया जाना है। उक्त भूखण्ड के नाम हस्तांतरण बाबत किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, कम्पनी को किसी प्रकार